# फिटनेस और स्वास्थ्य के विजन का अहम हिस्सा है फिट इंडिया मूवमेंट

## हम नई राष्ट्रीय खेल नीति लेकर आ रहे हैं: मांडविया, प्रदेश के पहले फिट इंडिया क्लब का लोकार्पण

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हम खेल और खिलाड़ियों के समग्र विकास के लिए कटिबद्ध होकर प्रयास कर रहे हैं। हम सच्ची खेल भावना के साथ इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आज प्रदेश के पहले फिट इंडिया क्लब की शुरूआत हुई है।**

उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिटनेस और स्वास्थ्य को लेकर विज़न का एक अहम हिस्सा है। फिट इंडिया क्लब बनाने की बात अब पूरे प्रदेश में सकारात्मक रूप से गांव-गांव तक जाएगी। इससे बच्चे और बुजुर्ग सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे। उन्होंने कहा कि खेल को हमारी सरकार ने अब एक पाठ्यक्रम (विषय) बना दिया है। छात्र इस विषय में शिक्षा ग्रहण कर व्याख्याता, सहायक प्राध्यापक, प्रशिक्षक आदि फील्ड में अपना कैरियर बना सकेंगे। हमने प्रदेश के खेल और खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ाया है। डॉ. यादव रविवार को गौतम नगर में फिट इंडिया क्लब के प्रथम चरण का लोकार्पण एवं दूसरे चरण के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केन्द्रीय श्रम और रोजगार, युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ. यादव ने कहा कि देश के युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट बनाने के लिए हमें अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ना होगा।



हमारा इतिहास शारीरिक कला कौशल और पराक्रम की कहानियों से भरा पड़ा है। कम समय में फिट इंडिया क्लब की स्थापना वाकई बेहद प्रशंसनीय है।

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मांडविया ने कहा कि हमारे युवा देश की आस हैं और अपेक्षा भी। हम इन्हें फिर से फिट रखने की कोशिश कर रहे हैं। देश में खेलों की अधोसंरचनाओं का विकास किया जा रहा है। हम बहुत जल्द नई राष्ट्रीय खेल नीति लेकर आएंगे। इसमें खेलों, खेल अधोसंरचनाओं, खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करेंगे। डॉ. यादव एवं डॉ. मांडविया ने रिमोट का बटन दबाकर प्रदेश में खेलो-बढ़ो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खेल पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें फिट इंडिया मूवमेंट के तहत फिट इंडिया क्लब के गठन, इसके उद्देश्यों और भावी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए प्रदेश के 435 खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा स्पोर्ट्स किट का वितरण भी किया गया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने फिट इंडिया क्लब के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रदेश का पहला फिट इंडिया क्लब आज लोकार्पित किया गया है। यह चार चरणों में बनाया जा रहा है। पहले चरण का लोकार्पण आज हुआ है। साथ ही दूसरे चरण का भूमिपूजन भी आज ही हुआ है।

### सात विभागीय खेल अधोसंरचनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन

डॉ. यादव और डॉ. मांडविया ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में खेल संरचनाओं का वर्चुअली लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य प्रदेश में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देना और खेल प्रतिभाओं को अपने कला-कौशल को उभारने के लिए उपयुक्त मंच प्रदान करना है। सतना जिले के नागौद में, सीहोर जिले के बुधनी में, हरदा जिले के टिमरनी में, मंदसौर जिले नारायणगढ़ में इंडोर हॉल और अलीराजपुर जिले के जोबट में आउटडोर स्टेडियम का लोकार्पण एवं शिवपुरी में हॉस्टल भवन का भूमिपूजन किया गया। आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फीता काटकर फिट इंडिया क्लब का लोकार्पण किया। इसके बाद सम्पूर्ण परिसर का अवलोकन कर वहां खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने ट्रेड मिल पर चलकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण मनु श्रीवास्तव ने आभार माना।

ऑनलाइन हो सकेगी सम्मन और वारंट की ट्रैकिंग

# मध्यप्रदेश बना 'त्वरित' डिजिटल इनिशिएटिव अपनाने वाला पहला राज्य

भोपाल(काप्र)

**मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी के दो दिवसीय मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश न्यायमूर्ति श्री अभय एस. ओक ने ई-ज्योति जर्नल और त्वरित नामक अत्याधुनिक डिजिटल इनिशिएटिव का शुभारंभ किया। त्वरित के माध्यम से सम्मन और वारंट की स्थिति ऑनलाइन ट्रैक भी की जा सकेगी।**

मध्यप्रदेश इस पहल के लिए नियमों को अधिसूचित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है, जो न्यायिक प्रणाली में डिजिटल नवाचार का एक अनुकरणीय उदाहरण है। न्यायमूर्ति श्री ओक ने न्याय प्रणाली में जिला न्यायालयों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने जिला न्यायाधीशों से पुराने लंबित मामलों के निराकरण को प्राथमिकता देने और नवीन दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। जबलपुर में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सुरेश कुमार कैत, न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और अन्य न्यायाधीश सम्मिलित हुए। सम्मेलन में प्रदेश के सभी मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य न्यायिक अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी, और अन्य गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। द्वैमासिक पत्रिका ई-ज्योति जर्नल अकादमी की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रहेगी, इससे पाठकों को बहुमूल्य जानकारी मिल सकेगी।

मध्यप्रदेश उच्च न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सुरेश कुमार कैत ने जरूरतमंद और गरीब याचिकाकर्ताओं को कानूनी सहायता प्रदान किये जाने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने जिला न्यायालयों के न्यायधीशों से आह्वान किया कि वे उत्कृष्ट प्रदर्शन और श्रेष्ठ नेतृत्व से जिलों में सेवारत न्यायिक अधिकारियों को प्रेरित करें। सम्मेलन में न्यायिक प्रणाली को आधुनिक बनाने और न्याय प्रदान करने में दक्षता बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्धता और सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया।



# भाभा की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने किया पुण्य स्मरण

**भोपाल ( काप्र )।** राजधानी के सर्वमान्य, खुशदिल अजीज और भोपालवासियों के दिलों की धड़कन स्वर्गीय अशोक जैन भाभा की 6 वीं पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम के अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा ने स्वर्गीय भाभा का स्मरण करते हुये कहा कि भोपाल की आवाम से उनका सीधा संवाद और संपर्क था। पुराने और नये भोपाल की सभी संस्थाओं से जुड़े रहकर उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ उन संस्थाओं तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभायी। इस अवसर पर अभा कांग्रेस के सचिव कुणाल चौधरी, जे.पी. धनोपिया, चंद्रकांत दुबे, समाज सेवी राजकुमार वर्मा, स्वर्गीय भाभा के सुपुत्र सोनू भाभा, अभिषेक शर्मा, संजय गुप्ता, धर्मेन्द्र मिंटू, अजय सोगानी, मोना कौरव, अरविंद जैन, अभिनय जैन, करन, राज राय, लईक भाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

ऑनलाइन गेमिंग में टास्क पूरा करने के दौरान

# ट्रेन की चपेट में आकर 11वीं के छात्र की मौत

भोपाल(काप्र)।

**छोला इलाके में स्थित भानपुर ब्रिज के नीचे एक 11 वीं के छात्र की ट्रैन से कटकर मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात की है। पुलिस ने शव मिलने पर परिजनों को हादसे की जानकारी दी थी।**

मृतक छात्र परिवार का इकलौता बेटा था। परिजनों का कहना है कि ऑनलाइन गेमिंग में किसी टास्क को पूरा करने के चलते वह ट्रेन की चपेट में आया है। हालंकि पुलिस का कहना हैकी जांच पूरी होने के बाद ही सही कारण साफ हो सकेगा। थाना पुलिस ने बताया कि भानपुर मल्टी छोला मंदिर में रहने वाले रमाशंकर शर्मा ऑटो चालक हैं। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे थे। छोट बेटी कंगना है, जबकि इकलौता बड़ा बेटा मृत्युंजय शर्मा (16) निजी स्कूल में 11 वीं कक्षा का छात्र था। मृत्युंजय को फ्री फायर जैसे ऑनलाइन गेम खेलने की लत थी। स्कूल से आने के बाद वह अधिकांश समय ऑनलाइन गेम खेलता रहता था।

माता-पिता ने कई बार उसे ऑनलाइन गेम न खेलने की समझाइश दी थी, लेकिन इसके बाद भी वह मानता नहीं था। इकलौता बेटा होने के कारण परिजन उस पर ज्यादा सख्ती नहीं करते थे। शुक्रवार को मृत्युंजय की मां व छोटी बहन कंगना अपने रिश्तेदार के घर सुंदर कांड कार्यक्रम में शामिल होने विदिशा गई थीं। वहीं पिता ऑटो लेकर काम पर चले गए थे।

# स्ट्रीट डॉग से बेरहमी, पैर और मुंह बांधकर पीटा, निगम कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज

भोपाल(काप्र)।

पिपलानी इलाके में सिद्धार्थ लेक सिटी के पास एक स्ट्रीट डॉग के पैर और मुंह बांधकर बेरहमी से पीटा गया है। कुत्ते को गंभीर चोटें आईं, इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। घटना 14 जनवरी की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक गादियापुरा आनंद नगर, निवासी चंपाराम राजपूत ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर रात के समय एक वीडियो आया, जिसमें एक अधमरा डॉग पड़ा हुआ था। उसे बेरहमी से पीटा गया था, उसके पैर और मुंह बांधकर तड़पता हुआ छोड़ दिया था। वीडियो वायरल होने के बाद उन्होंनें सिद्धार्थ लेक सिटी, आनंद नगर जाकर देखा तो कुत्ता बंधा हुआ पड़ा था। उन्होंनें उस जगह के सामने लगे सीसीटीवी फुटेज देखें तो उसमें दो अज्ञात व्यक्ति कुत्ते को बेरहमी से पीटते नजर आये साथ ही उसे उठा कर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी नाबालिग सहित दो आरोपियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। एक आरोपी दुर्गेश नरोलिया नगर निगम कर्मचारी है। उसने पुलिस को बताया कि कुत्ते से बच्चों को काटने का डर था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक ने तोड़ा दम

बैरसिया इलाके में सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कजलीखेड़ा कोलार रोड का रहने वाला राजपाल पुत्र फूलसिंह (30) निजी काम करता था। शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे शमशाबाद रोड, ग्राम सोहाया जोड़ के पास से वह सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गया था। उसकी बाइक भी घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी थी। वहाँ से गुजर रहे अन्य वाहन चालको से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से राजपाल को इलाज के लिए शासकीय अस्पताल बैरसिया पहुंचाया। उसकी नाजूक हालत को देखते हुए इलाज के लिये उसे भोपाल रैफर कर दिया गया। परिवार वालो ने उसे रॉयल मार्केट के पास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया। पुलिस का कहना है की हालत नाजूक होने के कारण मृतक के बयान दर्ज नहीं किये जा सके थे, जिसके कारण फिलहाल यह जानकारी साफ नहीं हो सकी की हादसे के समय वह कहां जा रहा था, और उसकी बाइक को किस वाहन ने टक्कर मारी थी।

# मानव संग्रहालय में होगी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

## सड़कें-फुटपाथ बनाएगा पीडब्ल्यूडी, खूबसूरती का जिम्मा बीएमसी को

भोपाल (काप्र)।

**मप्र में देश-दुनिया से निवेश लाने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) राजधानी में होगी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 24 व 25 फरवरी को होने वाली समिट में कई बड़े उद्योगपति शामिल होंगे।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी आयोजन में शिरकत करने की संभावना जताई जा रही है। जीआईएस में जापान भी कंट्री पार्टनर के तौर पर भाग लेगा। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 जनवरी से एक फरवरी तक जापान की यात्रा पर रहेंगे। अगले महीने होने वाली समिट की तैयारियों में प्रशासन के साथ ही संबंधित विभाग जुट गए हैं। बताया जा रहा है मानव संग्रहालय परिसर में आयोजन के लिए बड़ा सा डोम बनाया जा सकता है। दुनिया भर से आने वाले उद्योगपति व प्रतिनिधि जिन होटल में ठहरेंगे, वहां से आयोजन स्थल तक की सड़क़ों, फुटपाथों को दुरुस्त करने का कार्य पीडब्ल्यूडी को दिया गया है। एयरपोर्ट की ओर आवाजाही वाले रास्ते भी सुधारे जाएंगे। वहीं शहर को खूबसूरत बनाने के लिए दीवारों सहित अन्य स्थानों पर पेंटिंग, आकर्षक पौधे लगाने का जिम्मा नगर निगम को दिया गया है। इलेक्ट्रिक वर्क भी निगम संभालेगा। फिलहाल इन कार्यों का एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। बताया जा रहा है सभी काम तय समय से पहले करने के लिए शॉर्ट टेंडर लगाए जा सकते हैं। यह सात दिन की अवधि के होंगे। ऐसे में 25 जनवरी से काम शुरू करने का टारगेट रखा गया है।

### समिट के पहले तैयार होंगी 21 नीति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 11 विभागों को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले अपनी निवेश नीतियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए हैं। अभी 21 नीतियों पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश निवेश प्रोत्साहन, एमपी लॉजिस्टिस, मप्र निर्यात संवर्धन एवं ओडीओपी, एमएसएमई विकास, एमपी एमएसएमई भूमि विकास आवंटन और एमपी स्टार्टअप नीति पर कार्य जारी है। इसी तरह नवकरणीय ऊर्जा के लिए एमपी पंप हाइड्रोस्टोरेज पॉलिसी, मध्यप्रदेश जैव ईंधन संवर्धन और एमपी शहरी गैस वितरण नीति 2024 भी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले तैयार कर ली जाएगी। इसके अलावा एमपी ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर, एमपी एवीजीएस-एसआर, मप्र सेमीकंडटर, एमपी ड्रोन प्रमोशन, विमानन, वृक्षारोपण, लैंड पूल, अस्पतालों के साथ मेडिकल कॉलेजों का पीपीपी मोड पर निर्माण एवं संचालन, पर्यटन निवेश, फिल्म पर्यटन नीति भी प्रमुखता से बनाई जा रही है।

# खाद्य विभाग की टीम से दुर्व्यवहार करने वाले पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज

**भोपाल( काप्र )।** कोहेफिजा पुलिस ने खाद्य विभाग के अधिकारियों से दुर्व्यवहार किये जाने की शिकायत पर प्रियंका इंडेन गैस एजेंसी के संचालक और उसके बेटे के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने, गाली-गलौच और धमकाने का प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार फरियादी सहायक आपूर्ति अधिकारी अशोक कुमार सत्यार्थी ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि वह खाद्य विभाग में कर्मचारी है। शनिवार शाम को शिकायत मिली थी, कि गुफा मदिंर के पास प्रियंका गैस एजेंसी पर ग्राहकों को सिलेंडर की डिलेवरी 8-10 दिन से नहीं हुई है। जिसकी जॉच करने सत्यार्थी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पुष्पराज पाटिल एजेंसी पर गये थे। दोनो ने वहॉ जहां पहले से खड़े उपभोक्ताओ में से तीन महिलाओ के बयान लिए। उसी समय एजेंसी संचालक और उसका बेटा आया और उन्होनें ग्राहकों से अभद्रता करते हुए उन्हें भगा दिया और उन्हें जांच नहीं करने दी। इसके बाद उन्हें खींचकर एजेंसी के अंदर कमरे में ले जाने लगे। उनसे छूटकर दोनो अधिकारी कोहेफिजा थाने पहुंचे। पुलिस ने अशोक कुमार सत्यार्थी की शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ मामला कायम कर लिया है।

# अंतिम व्यक्ति की आवाज तक गांधी की विचारधारा पहुंचे: मोना

भोपाल(काप्र)।

**प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में आज मप्र कांग्रेस पंचायती राज संगठन के पदाधिकारियों की बैठक राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष मोना कौरव की अध्यक्षता में आहूत की गई।**



बैठक को संबोधित करते हुये सुश्री कौरव ने कहा कि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जमीनी स्तर के चुने गए जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं का एक मजबूत संगठन है। सुश्री कौरव ने कहा कि जल्द से नई और पुरानी कमेटी में सामंजस्य बना कर व जमीनी स्तर पर राजीव गांधी पंचायत राज के काम को और विस्तृत रूप दिया जाकर प्रदेश में संगठन की मजबूती के लिए पूरी शक्ति के साथ काम किया जायेगा और पंचायती राज संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सकारात्मक पहल की जायेगी। अभा कांग्रेस कमेटी के सचिव कुणाल चौधरी ने कहा कि यह संगठन भारत की मूल आत्मा से जुड़ा हुआ संगठन है। पंचायती राज संगठन का अपने आप में बहुत महत्व है। पंचायती राज के मातहत मिलने वाले अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने की बात भी श्री चौधरी ने कही। पंचायती राज संगठन मप्र के प्रभारी सीताराम लांबा ने कहा कि सभी प्रभारी संगठन की मजबूती के लिए महीने में 10 से 12 दिन प्रदेश में दौरा करें, संगठन के विस्तार के लिए शिविर आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर पंचायती राज संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हेमंत टाले राष्ट्रीय सचिव विवेक अवस्थी, ब्रजभूषण पांडे, राष्ट्रीय समन्वयक गीता कड़वे, सचिन नायक, अविनाश, श्रीमती वीदेश्वरी, अक्षय सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बस चालक की लापरवाही से ई-रिक्शा चालक घायल

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद इलाके में बस चालक ने लापरवाही पूर्वक बस चलाने से बैटरी आटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी निशातपुरा में रहने वाले मंसूर खान (35) ने बताया कि उनके पिता मुस्सू खान बैटरी आटो चलाते हैं। शुक्रवार शाम करीब 4 चार बजे उन्हें पिता का एक्सीडेंट होने की सूचना मिली थी। वह शॉहजहॉनाबाद थाने के पास स्थित काला दरवाजा पहुंचे। यहॉ घायल हालत में मिले उनके पिता ने उन्हें बताया कि उनका आटो लालबस से टकरा गया था। जिससे उसका साइड ग्लास टूट गया। इस पर बस कंडक्टर ने उनसे ग्लास के पैसे देने को कहा।